# 8. झीलें

❐ राजस्थान की सबसे बड़ी कृत्रिम ( मानव निर्मित ) झील कौनसी है-[राज.पु.कॉन्स्टेबल-2007(II),7.11.2020(I)] [REET, 11 Feb. 2018][पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]
(1) पिछोला (2) जयसमंद (3) फतेहसागर (4) राजसमंद
Ans. (2)

*व्याख्या-जयसमंद झील : भारत की दूसरी सबसे बड़ी कृत्रिम झील ( प्रथम -गोविन्द वल्लभ पंथ सागर झील/रिहन्द बाँध - छत्तीसगढ़ व उत्तरप्रदेश, भण्डारण क्षमता की दृष्टि से प्रथम स्थान-इंदिरा सागर, मध्यप्रदेश ) तथा राज्य में मीठे पानी की सबसे बड़ी इस झील का निर्माण 1685-91 ई. में महाराणा जयसिंह ने करवाया।*

❐ राजस्थान में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील है-[व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-11.11.2021][REET L-II, 26.9.2021]
(1) जयसमन्द (2) राजसमन्द (3) कायलाना (4) सिलीसेड़
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ ढेबर झील के नाम से भी जानी जाती है-[Veterinary Officer - 2.8.2020] [मूल्यांकन अधिकारी-23.8.2020]
(1) डीडवाना (2) पिछोला (3) जयसमंद (4) कोलायत
Ans. (3)

*व्याख्या - सलूम्बर ( पूर्व में उदयपुर ) स्थित गोमती नदी पर बाँध बनाकर निर्मित की गई इस झील में गोमती, झावरी, रूपारेल और बागर नदियों का जल ढेबर दर्रे से होकर आता था इसलिए इसको 'ढेबर झील' भी कहते हैं। जयसमंद झील में आइसलैंड रिसोर्ट नामक होटल बनाया गया है। इस झील के पानी के बीच छोटे-बड़े सात पहाड़ी टापू हैं। सबसे बड़े पहाड़ी टापू को 'बाबा का भागड़ा' व सबसे छोटे टापू को 'प्यारी' कहते हैं।*

❐ किस नदी का जल जयसमंद झील द्वारा उपयोग में लाया जाता है-[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]
(1) गोमती (2) बनास (3) चंबल (4) सोम
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ हाल ही में सुर्खियों में रहा बाबा मगरा द्वीप किस झील में स्थित है? [III Grade (L-I) -25.2.2023]
(1) उदयसागर (2) फतेहसागर (3) पिछौला (4) जयसमन्द
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान के किस जिले में प्लाया झील है-[II Grade Teacher-2011][महिला पर्यवेक्षक 20.12.2015]
(1) कोटा (2) जैसलमेर (3) उदयपुर (4) भरतपुर
Ans. (2)

*व्याख्या -जैसलमेर में वर्षा ऋतु में रेगिस्तान के छोटे खड्डों में बनी झील रन/टाट/ढ़ाढ़ एवं बड़े खड्डों ( बालुकास्तूप मुक्त क्षेत्र ) में बनी झील 'प्लाया' कहलाती है। प्लाया के सूखने पर निर्मित मैदान को 'बालसन' कहते हैं।*

❐ राजस्थान में प्लाया झीलों की रचना कहाँ हुई है-[JEN Degree (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) लूनी बेसिन (2) घग्घर बेसिन
(3) बालुकास्तूप मुक्त क्षेत्र (4) आन्तरिक प्रवाह बेसिनों
Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान की किस प्रसिद्ध झील पर 'नटनी का चबूतरा' निर्मित है? [Police Constable Exam- 2013]
(1) जयसमंद (2) पिछोला (3) नक्की झील (4) सांभर
Ans. (2)

*व्याख्या - पिछोला झील का निर्माण चौदहवीं शताब्दी में महाराजा लाखा के शासनकाल में एक बनजारे ( छीतरमल ) ने अपने बैल की स्मृति में करवाया। महाराजा उदयसिंह ने जब उदयपुर नगर बसाया तब इस झील की पाल को पक्का बनवाया। इसमें सीसारमा व बुझड़ा नदी आकर गिरती है। पिछोला झील में बीजोरी नामक स्थान पर नटनी ( गलकी ) की स्मृति में बना नटनी का चबूतरा प्रसिद्ध है।*

❐ पिछोला झील का निर्माण किस शासक के काल में हुआ? [REET (Level – II, S-II ) –24.07.2022]
(1) बप्पा रावल (2) महाराणा लाखा (3) साँगा (4) राव चूण्डा
Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ पिछोला झील स्थित है-[CET-G (S-I) - 27.09.2024] [पशु परिचर-2.12.2024 (S-II), 3.12.2024 (S-I)]
(1) उदयपुर (2) अजमेर (3) भीलवाड़ा (4) करौली
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ निम्नलिखित में से कौनसी झीलें सिंचाई के काम में ली जाती हैं? [पशुधन सहायक परीक्षा - 21.10.2018]
(1) पिछोला और आनासागर (2) कोलायत और पुष्कर
(3) जयसमन्द और राजसमन्द (4) पचपदरा और सिलिसेढ़
Ans. (3)

*व्याख्या - राजसमन्द एवं जयसमन्द झीलें सिंचाई हेतु काम में ली जाती है। सलूम्बर ( पूर्व में उदयपुर ) में स्थित जयसमन्द झील से 1950 में सिंचाई के लिए दो नहरें ( श्यामपुरा एवं भाट नहर ) बनाई गई।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान की किस झील से श्यामपुरा और भाट नहरें निकलती हैं? [ARO (Horticulture) 29.8.2022] [CET : 08.01.2023 (S-II)]

(1) राजसमन्द(2) उदयसागर(3) जयसमन्द(4) सिलिसेढ़

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ कौनसी झील जगमंदिर व जगनिवास के लिए प्रसिद्ध है- [प्री. बी. एड.2007] [कृषि पर्यवेक्षक-03.03.2019]

(1) फतेहसागर(2) पिछोला (3) आनासागर(4) जयसमंद

Ans. (2)

*व्याख्या-पिछोला झील में जगमंदिर (महाराणा करणसिंह ने 1620 में शुरू व जगतसिंह प्रथम ने 1651 में पूर्ण किया) व जगनिवास (जगतसिंह द्वितीय द्वारा 1746 में) नामक दो जलमहल है जिनमें आजकल होटल लैक पैलेस संचालित है।*

❒ किस महाराणा ने पिछोला झील में जगनिवास नामक महल बनवाए थे? [वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]

(1) महाराणा अमरसिंह प्रथम(2) महाराणा कर्णसिंह द्वितीय
(3) महाराणा जगतसिंह द्वितीय(4) महाराणा राजसिंह प्रथम

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की पवित्र झील है- [पटवार परीक्षा - 2011]

(1) सिलीसेढ (2)फतेहसागर (3)बालसमंद (4) पुष्कर

Ans. (4)

*व्याख्या - पुष्कर झील : इस झील को सर्वप्रथम पुष्करणा ब्राह्मणों द्वारा खोदी जाने के कारण इसका नाम पुष्कर झील पड़ा। यह राज्य की मीठे पानी की प्राकृतिक झील है। यह झील ज्वालामुखी से निर्मित है अतः कालाडेरा झील कहलाती है (भारत की दूसरी कालाडेरा झील लोनार, महाराष्ट्र में है) इसे हिन्दुओं का पाँचवा तीर्थ/ तीर्थराज/ तीर्थों का मामा/सबसे पवित्र व सर्वाधिक प्रदूषित झील आदि नामों से जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि पुष्कर झील पर ही मेनका ने विश्वामित्र की तपस्या भंग की थी तथा कालिदास ने अभिज्ञान शाकुंतलम एवं वेदव्यास ने महाभारत की रचना भी यहीं पर की थी। अर्द्ध-चन्द्राकार में फैली इस झील में 52 घाट बने हुए है। 1911 में महारानी मेरी जब पुष्कर देखने आयी तो उसने यहाँ महिलाओं के लिए अलग घाट का निर्माण करवाया। इसी स्थान पर महात्मा गाँधी की अस्थियाँ प्रवाहित की गयी थी तभी से इसे 'गाँधी घाट' कहते है। पुष्कर झील को स्वच्छ रखने हेतु 1997-98 में कनाडा के सहयोग से सफाई की गई। यहाँ पर कार्तिक पूर्णिमा (नवम्बर) में सबसे रंगीन मेला लगता है।*

❒ पुष्कर झील कितने घाटों से घिरी है- [VDO-28.12.2021 (S-II)]

(1) 42 (2) 46 (3) 58 (4) 52

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ इंग्लैण्ड की महारानी मेरी की दिसम्बर 1911 की भारत यात्रा के स्मरणार्थ 'क्वीन मेरी जनाना घाट' का निर्माण किया गया? [पटवार परीक्षा- 2008]

(1)नक्की झील,माउन्ट आबू(2)आना सागर झील, अजमेर
(3) पुष्कर झील, पुष्कर (4) पिछौला झील, उदयपुर

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ पुष्कर झील को स्वच्छ रखने की योजना में सहयोग दे रहा है? [R.A.S. Pre Exam.(cancelled) 1999]

(1) जापान (2) फ्रांस (3) बैल्जियम (4) कनाडा

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजसमंद झील का निर्माण महाराणा राजसिंह ने कब करवाया था? [II Grade (Social Study) - 2011]

(1) 1680 A.D. (2) 1692 A.D.
(3) 1031 A.D. (4) 1648 A.D.

Ans. (1)

*व्याख्या-महाराणा राजसिंह द्वारा राजसमंद झील का निर्माण 1662-1676 ई. के मध्य करवाया गया, अतः RPSC ने विकल्पों में निकटस्थ विकल्प 1680 ई. को सही माना है। नौचौकी के नाम से प्रसिद्ध इस झील में गोमती नदी आकर गिरती है। इस पर मेवाड़ का इतिहास संस्कृत भाषा (राजप्रशस्ति पर) में लिखा हुआ है। यह विश्व की सबसे बड़ी प्रशस्ति है। इस झील की नौ चौकी पाल की ताकों में 25 काले पत्थर की बड़ी-बड़ी शिलाओं पर उत्कीर्ण है। नव चौकी पाल में 9 ग्रहों के अनुरूप 9 के अंक का अद्भुत प्रयोग हुआ है। इसकी लम्बाई 999 फीट, चौड़ाई 99 फीट व प्रत्येक सीढ़ी 9 इंच ऊँची व चौड़ी है। यह नव चौकी राजस्थान के पुरातत्त्व विभाग द्वारा संरक्षित है।*

❒ वह झील जिसके तट पर संगमरमर के 25 शिलालेख स्थित है? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]

(1) जयसमंद (2) राजसमंद (3) फतेहसागर (4) पिछोला

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'नौ चौकी' बाँध स्थित है? [II Grade GK - 22.12.2022]

(1) भीलवाड़ा (2) चित्तौड़गढ़ (3) राजसमन्द (4) उदयपुर

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ महिला बाग का जालरा स्थित है। [JEN (Agri.) 10.9.2022]
(1) आना सागर झील, अजमेर (2) पिछोला झील, उदयपुर
(3) गुलाबसागर झील, जोधपुर (4) बालसंमद झील, जोधपुर
**Ans. (3)**

❑ उदयसागर झील में जल प्रवाहित करने वाली नदी कौनसी है? [Asstt. Fire Officer -29.1.2022]
(1) पार्वती (2) कोठारी (3) आयड़ (4) गोमती
**Ans. (3)**

*व्याख्या - उदयसागर झील का निर्माण उदयपुर के संस्थापक महाराणा उदयसिंह ने 1559 से 1565 के मध्य करवाया। बेड़च नदी उदयसागर झील में गिरने से पूर्व आयड़ नदी कहलाती है।*

❑ राजस्थान की कौनसी झील में प्राप्त नीलहरित शैवाल से $N_2$ युक्त खाद प्राप्त होती है? [II Grade (Social Study) Exam. 2011]
(1) पचपदरा (2) साँभर (3) सरदार समंद (4) मोती झील
**Ans. (4)**

*व्याख्या-रूपारेल नदी के जल को रोककर इसका निर्माण करवाया। इसे 'भरतपुर की लाइफ लाईन' कहते है।*

❑ गैब सागर झील किस जिले में स्थित है- [वनपाल-6.11.2022(S-II)][II Grade (Maths) Exam. 2011]
(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा (3) प्रतापगढ़ (4) डूँगरपुर
**Ans. (4)**

*व्याख्या - डूँगरपुर में स्थित महारावल गोपीनाथ द्वारा बनवायी गई, गैब सागर/एडवड सागर बाँध प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। गैब सागर के भीतर बना बादल महल तथा इसकी पाल पर महारावल पुंजराज द्वारा निर्मित गोवर्धननाथ का विशाल मन्दिर है जिसके प्रांगण में बने 52 छोटे-छोटे मन्दिर स्वत: ही ध्यानाकर्षण करते है।*

❑ सिलीसेढ़ झील स्थित है। [II Grade Teacher-2010]
(1) चित्तौड़ (2) उदयपुर (3) राजसमंद (4) अलवर
**Ans. (4)**

*व्याख्या - सिलीसेढ़ झील : दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर अलवर से 16 किलोमीटर दूर स्थित इस झील को 'राजस्थान का नंदनकानन' कहा जाता है। इस झील को वर्तमान में होटल लेक पैलेस में तब्दील कर दिया गया है।*

❑ फॉयसागर झील कहाँ स्थित है? [पटवार परीक्षा-2011]
(1) उदयपुर (2) भरतपुर (3) अलवर (4) अजमेर
**Ans. (4)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

*व्याख्या -फॉयसागर झील का निर्माण इंजीनियर फॉय के निर्देशन में हुआ। यह झील अकाल राहत परियोजना के अंतर्गत अजमेर नगर परिषद द्वारा निर्मित की गई। इस झील में बाण्डी नदी का जल एकत्रित होता है।*

❑ किस झील का निर्माण 1891-92 के दौरान अकाल राहत कार्यों के तहत करवाया गया? [वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]
(1) राजसमंद (2) फतेहसागर (3) फॉयसागर (4) नक्की
**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कोलायत झील स्थित है- [II Grade (English) -2011] [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)][III Grade (Hindi) -26.02.2023] [CET (10+2) : 23.10.2024 (S-I)]
(1) बीकानेर (2) बाड़मेर (3) जैसलमेर (4) जोधपुर
**Ans. (1)**

*व्याख्या -कोलायत मीठे पानी की प्राकृतिक झील है जहाँ कपिल मुनि ( सांख्य दर्शन के प्रणेता ) का मेला प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा को भरता है। इसे 'शुष्क मरुस्थल का सुन्दर उद्यान' के नाम से भी जाना जाता है।*

❑ कौनसी लवणीय झील नहीं है? [II Grade-26.04.2017] [LDC 23.10.16][जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -II]
(1) डीडवाना (2) कोलायत (3) पचपद्रा (4) कावोद
**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ पिछोला झील को वर्तमान में किस झील से जोड़ा गया है? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]
(1) राजसमंद (2) जयसमंद (3) फतेहसागर (4) उपर्युक्त सभी
**Ans. (3)**

*व्याख्या - फतेहसागर झील की आधारशिला ड्यूक ऑफ कनॉट द्वारा रखी गयी तथा इसका निर्माण महाराजा जयसिंह द्वारा करवाया गया। देवाली गाँव में स्थित होने के कारण इसे 'देवाली तालाब' भी कहा जाता था। अतिवृष्टि से बाँध क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद महाराणा फतेहसिंह ने इसका पुनर्निर्माण करवाकर नया नाम अपने ही नाम पर रख दिया। पिछोला झील और फतेहसागर को जोड़ने वाली तंग झील को 'सरूप सागर' कहा जाता है।*

❑ आनासागर झील का निर्माण किसने करवाया - [राजस्थान [illegible]-6.11.2020 (I)] [वनर[illegible] [illegible]13] [illegible] 06.11.2022(S-I)]
(1) पृथ्वीराज (2) आनाजी [illegible] (3) [illegible]सिंह (4) जयसिंह
**Ans. (2)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - आनासागर झील का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के पितामह अर्णोराज (आनाजी) ने 1135 ई. के आसपास अजमेर की दो पहाड़ियों नागपहाड़ व तारागढ़ के मध्य करवाया गया। जिसका निर्माण तुर्कों की सेना के संहार के बाद खून से रंगी धरती को साफ करने के लिए अर्णोराज ने चन्द्रा नदी के जल को रोककर करवाया। आनासागर झील में लूनी की सहायक नदी बाँडी का पानी भी आता है, जिसका उद्गम स्थल हेमावास (पाली) है। मुगल सम्राट शाहजहाँ ने झील के किनारे संगमरमर की 5 बारहदरी का निर्माण करवाया।*

❒ **अजमेर की आनासागर झील में किस नदी का पानी आता है?** [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा-2014]
(1) बाँडी (2) बेड़च (3) साबी (4) कांकनी
**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **आनासागर स्थित है**[JEN (यांत्रिकी/विद्युत)डिग्री -26.12.2020]
[वनपाल-06.11.2022(S-II)][Stenographer-15.10.2024]
(1)अजमेर (2) बीकानेर (3) उदयपुर (4) जयपुर
**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **सिरोही में स्थित राजस्थान की सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित झील जहाँ टॉड रॉक व नन रॉक स्थित है -** [पटवार परीक्षा - 2011]
(1) नक्की झील (2) पंचभद्रा झील
(3) लूणकरणसर झील (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**Ans. (1)**

*व्याख्या- नक्की झील : माउण्ट आबू में लगभग 1 किमी. क्षेत्र में स्थित मीठे पानी की प्रसिद्ध विवर्तनिका झील। यह राजस्थान की सबसे ऊँची झील है। एक किवदंती के अनुसार इसका निर्माण देवताओं ने अपने नाखूनों से खोदकर किया था।*

*• टॉडरॉक व ननरॉक : नक्की झील के पश्चिम तट के ऊपर स्थित पर्वत पर एक ऐसा विशाल शिलाखण्ड है, जिसकी आकृति मेंढ़क जैसी है, इसलिए इसे टॉडरॉक कहा जाता है। इसी शिलाखण्ड के पास एक घूँघट निकाले स्त्री की आकृति की चट्टान है जिसे ननरॉक कहा जाता है।*

❒ **नक्की झील कहाँ स्थित है?** [ARO- 29.8.2022]
[जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -III]
[JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020]
[Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
(1) उदयपुर (2) देलवाड़ा (3) कोलायत (4) माउंट आबू
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **बाई तालाब झील कहाँ स्थित है?** [जेल प्रहरी परीक्षा - 21.10.18]
(1) डूँगरपुर (2) झालावाड़ (3) बाँसवाड़ा (4) प्रतापगढ़
**Ans. (3)**

*व्याख्या : बाँसवाड़ा में तेजपुर गाँव के पास स्थित बाई तालाब (आनन्द सागर) महारावल जगमाल की ईडरवाली राणी लाछ कुँवरी (लास बाई) ने बनवाया था।*

❒ **आनंद सागर झील कहाँ स्थित है-**[जेल प्रहरी-20.10.18]
(1) डूंगरपुर (2) बाँसवाड़ा (3) झालावाड़ा (4) प्रतापगढ़
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान की निम्न झीलों में से कौनसी झील 'राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम' (NLCP) के अन्तर्गत नहीं आती हैं-** [RAS Exam - 05.08.2018]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) 14.9.2019]
(1) फतेह सागर झील (2) नक्की झील
(3) स्वरूप सागर झील (4) आना सागर झील
**Ans. (3)**

*व्याख्या - राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जून, 2001 से संचालित की जा रही है। इसके तहत राज्य की 6 झीलों यथा-फतेहसागर, पिछोला, मानसागर, आनासागर, पुष्कर एवं नक्की झील को सम्मिलित किया गया है।*

❒ **राजस्थान की निम्नलिखित झीलों में से कौनसी राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं आती है?** [JEN (Civil) Diploma - 18.05.2022]
[JEN (Civil) Diploma-06.12.2020]
(1) आना सागर(2) पिछोला (3) फतेह सागर(4) कोलायत
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान की निम्नलिखित झीलों में से कौनसी झील 'राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम' (एन.एल.सी.पी.) के अन्तर्गत नहीं आती है?**
[Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
(1) मानसागर (2) आनासागर (3) पुष्कर (4) बजाज सागर
**Ans. (4)***व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान की निम्नलिखित में से कौनसी झील शामिल नहीं है?** [VDO Mains -09.07.2022]
(1) फतेह सागर(2) नक्की(3) आना सागर(4) राजसमंद
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ नवलखाँ सागर किस जिले में स्थित है-
[ACF & FRO - 18.02.2021][जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]
[कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) सीधी भर्ती परीक्षा- 20.03.2019]
[कृषि अधिकारी (कृषि विभाग)-19.1.2021]
(1) जोधपुर (2) उदयपुर (3) बूँदी (4) जयपुर
**Ans. (3)**

*व्याख्या : बूँदी जिले में स्थित झीलें -*
- **जैतसागर झील :** जैता मीणा द्वारा निर्मित झील। इसमें स्थित महल का निर्माण राव राजा विष्णु सिंह ने करवाया।
- **कनकसागर झील :** इसका दूसरा नाम 'दुगारी झील' है।
- **नवलसागर झील :** बूँदी राजमहल के नीचे कटोरे के आकार की झील। उल्लेखनीय है कि नवलखाँ दुर्ग झालावाड़, नवलखाँ बावड़ी डूँगरपुर, नवलखाँ दरवाजा रणथम्भौर, नवलखाँ मंदिर पाली में स्थित है।

❒ इनमें से कौन-सी झील मीठे पानी से सम्बन्धित है?
[II Grade (Science) Exam. 2011]
(1) डीडवाना (2)कायलाना (3) पंचपदरा (4)लूणकरणसर
**Ans. (2)**

**व्याख्या - राजस्थान में स्थित मीठे पानी की झीलें** - नदसमन्द, राजसमंद झील ( राजसमंद ), जयसमंद/ढेबर ( सलूम्बर ), फतेहसागर, उदयसागर, पिछोला झील ( उदयपुर ), आनासागर, फॉयसागर, पुष्कर झील ( अजमेर ), जैतसागर ( बूँदी ), कोलायत झील ( बीकानेर ), सिलीसेढ़ झील ( अलवर ), भोपालसागर झील ( चित्तौड़गढ़ ), नक्की झील ( सिरोही ), बालसमंद, कायलाना झील ( जोधपुर ), बुड्ढा जोहड़ झील ( रायसिंह नगर, गंगानगर )

❒ लवणीय गर्त नहीं हैं? [Police Constable Exam- 2013]
[Asst. Testing Officer - 27.07.2021]
(1) डीडवाना (2) कायलाना (3) सुजानगढ़ (4) तालछापर
**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में मीठे पानी की झील कौनसी है-
[CET-G (S-I) - 28.09.2024][छात्रावास अधीक्षक -28.07.2024]
(1) पचपदरा (2) डीडवाना (3) उदय सागर (4) सांभर
**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से राजस्थान की कौनसी झील खारे पानी की झील नहीं है? [CET -G (S-II) - 27.09.2024]
(1) साँभर (2) डीडवाना (3) पिछोला (4) पचपदरा
**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसी नमकीन ( खारे ) पानी की झील नहीं है? [VDO Mains -09.07.2022]
(1) कावोद (2) डीडवाना (3) रेवासा (4) जैतसागर
**Ans. (4)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान की खारे पानी की प्रमुख झील नहीं है?[EO & RO - 14.05.2023 (II)]
(1) ढेबर (2) डीडवाना (3) पचपद्रा (4) लूणकरणसर
**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ पचपद्रा झील- [ARO (Agri. Che., Agronomy) 27.8.2022]
(1) खारे पानी की है (2) मीठे पानी की है
(3) मिश्रित पानी की है (4) विशेष पानी की है
**Ans. (1)**

**व्याख्या** - लूनी बेसिन के बालोतरा ( पूर्व में बाड़मेर ) में स्थित भारत एवं राज्य की सबसे खारी पचपदरा झील से उत्तम किस्म के नमक का उत्पादन किया जाता है। इस झील में खारवाल जाति के लोग परम्परागत तरीके से ( मोरली झाड़ी से ) नमक बनाने का काम करते हैं। यहाँ के नमक में 98 प्रतिशत तक सोडियम क्लोराइड की मात्रा होती है।

❒ पचपदरा, सांवरला व कपराना खारे पानी के गर्त निम्न में से किसमें पाये जाते हैं- [Archivist-3.8.2024]
(1) लूनी-जवाई बेसिन (2) घग्घर बेसिन
(3) माही बेसिन (4) शेखावाटी बेसिन
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'खारवाल' जनजाति कौनसी झील से नमक उत्पादन करती है? [III Grade (English) -27.02.2023]
(1) लूणकरसर (2) पचपदरा (3) डीडवाना (4) डेगाना
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ पचपदरा झील के नमक में सोडियम क्लोराइड का अनुमानित स्तर कितना है-
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-7.11.2020 (II)]
(1) 80% (2) 70% (3) 98% (4) 85%
**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से प्रमुख खारे पानी की झील लूनी बेसिन में स्थित हैं- [कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) - 20.03.2019]
(1) नक्की (2) सिलीसेढ़ (3) तलवाड़ा (4) पचपदरा
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ किशोर सागर झील ( तालाब ) कहाँ स्थित है-
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) 15.9.2019]
[JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]
(1) बूँदी (2) किशनगढ़ (3) उदयपुर (4) कोटा
**Ans. (4)**

Scanned with OKEN Scanner

व्याख्या – किशोर सागर (छतर विलास) तालाब, आलनिया, सूरसागर, सावनभादो बाँध कोटा में स्थित है।

❑ साँभर झील का अधिकांश भाग किस जिले में स्थित है ? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]

(1) जयपुर (2) चूरू (3) नागौर (4) सीकर

Ans. (1)

व्याख्या - जयपुर जिले की फुलेरा तहसील में स्थित यह राजस्थान की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील है। यह राजस्थान की सबसे बड़ी एवं भारत की दूसरी (प्रथम-चिल्का झील, उड़ीसा) सबसे बड़ी खारे पानी की झील है। यह झील दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर लगभग 32 किलोमीटर लम्बी तथा 3 से 12 किलोमीटर चौड़ी है। इस झील में 5 नदियाँ-मेढा/मेंथा (सर्वाधिक नमक बहाकर लाने वाली), खारी, रूपनगढ, बाण्डी की नाला व खाण्डेल नदियों का पानी बहकर आता है। साँभर झील की सुरक्षा, संरक्षण और सर्वांगीण विकास हेतु 'साँभर लेक मैनेजमेन्ट एजेन्सी' का गठन 8 अक्टूबर 2021 को किया गया। यह 'पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग' के अन्तर्गत आती है।

❑ नदियाँ जो अपना जल साँभर झील में गिराती है-
1. साबी, 2. चाप, 3. रुपनगढ़, 4. मेढ़ा
[Head Master -11.10.2021]

(1) 1 और 2 (2) 3 और 4 (3) 2 और 3 (4) 1 और 4

Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ निम्न में से कौनसी नदी साँभर झील में गिरती है-
[प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
[Lab Assistent (Geography)-30.06.2022]

(1) मेंढा (2) कान्तली (3) बांडी (4) मानसी

Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान की खारे पानी की सबसे बड़ी झील है-
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)][Agriculture Officer : 29.1.2013]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]

(1) डीडवाना (2) पचपदरा (3) साँभर (4) लूणकरणसर

Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ निम्न में से कौनसी झील में रूपनगढ़, मेन्ढा और खांडेल नदियाँ अपना पानी प्रवाहित करती हैं?
[JEN (Agri.) 10.9.2022] [Asstt. Agri. Officer- 31.5.2019]

(1) फलौदी (2) साँभर (3) पचपदरा (4) डीडवाना

Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ साँभर झील आन्तरिक अपवाह क्षेत्र की नदी कौन-सी है- [JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]

(1) कान्तली (2) बांडी (3) मेंढ़ा (4) मानसी

Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ साँभर झील में नहीं गिरने वाली नदी है-
[द्वितीय श्रेणी अध्यापक परीक्षा-26.04.2017]

(1) मेंढ़ा (2) कांतली (3) खाण्डेल (4) रूपनगढ़

Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ निम्न में से राजस्थान की किस झील में मंथा नदी विलय हो जाती है। [CET-G (S-I) - 28.09.2024]

(1) पिछोला झील (2) डीडवाना झील
(3) आना सागर झील (4) साँभर झील

Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ सांभर झील में निम्नलिखित में से किस नदी द्वारा प्रतिवर्ष सर्वाधिक लवण की मात्रा लाकर जमा की जाती है? [Librarian Garde-III Exam - 13.11.2016]

(1) खारी (2) रूपनगढ़ (3) मेंढ़ा (4) खण्डेल

Ans. (3)* व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ कौनसा कथन सत्य है?[बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक-18.6.2022]

कथन (A)- साँभर राजस्थान की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

कथन (R) -साँभर झील 74° से 75° पूर्वी देशांतरों में स्थित है।

कूट-(1) A और R दोनों सत्य हैं (2) केवल A सत्य है
(3) केवल R सत्य है (4) A और R दोनों सत्य नहीं हैं

Ans. (1)

❑ राजस्थान की किस झील को रामसर आर्द्रभूमि की सूची में सम्मिलित किया गया है?[RAS - 28.8.2016]
[वनरक्षक-12.12.2022(S-I)][JEN (Mech.) - 16.10.2016]

(1) साँभर (2) राजसमंद (3) आनासागर (4) जयसमंद

Ans. (1)

व्याख्या : साँभर झील पर 'म्यूजियम सॉल्ट' की स्थापना (23 मार्च, 1990) की गई जिसे पर्यटन के क्षेत्र में 'रामसर साइट' के नाम से पुकारा जाता है।

❑ भारत के कुल नमक उत्पादन का साँभर झील में कितना उत्पादन होता है- [RAS Exam - 1992]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (II)]

(1) 8.7% (2) 19.2% (3) 31.3% (4) 41.7%

Ans. (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या-यह देश की सर्वाधिक नमक उत्पादक ( 8.70 % ) झील है। इस झील से नमक उत्पादन का कार्य भारत सरकार की देख-रेख में हिन्दुस्तान साल्ट्स कम्पनी लिमिटेड की सहायक कम्पनी 'साँभर साल्ट्स लिमिटेड' करती है।*

❒ राजस्थान में सबसे अधिक नमक उत्पादित होता है? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]

(1) साम्भर झील (2) पंचभद्रा (3)लूणकरणसर(4) फलौदी

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की वह झील कौनसी है, जहाँ सर्दियों में राजहंस ( फ्लेमिंगोज ) पक्षी बड़ी संख्या में आते हैं? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]

(1) साँभर (2) राजसमंद (3) आनासागर (4) जयसमंद

Ans. (1)

*व्याख्या - साँभर झील में उत्तरी एशिया से हजारों की संख्या में फ्लेमिंगोज आते है। 11 नवम्बर, 2019 में 'एवियन बोटुलिज्म' बीमारी से हजारों पक्षियों की मौत हो गई थी। यहाँ एल्गी/शैवाल व बेक्टिरिया की विशेष प्रजातियाँ पाई जाती हैं।*

❒ राजस्थान की खारे पानी की झील किस महासागर का अवशेष मानी जाती है?[जेल प्रहरी-29-10-2018, S-I]

(1) प्रशान्त (2) टैथिस (3) हिन्द (4) अरब सागर

Ans. (2)

*व्याख्या - खारे पानी की झीलें मुख्यत: टैथिस सागर के अवशेष का परिणाम है इसका एक उदाहरण साम्भर झील के रूप में है। रेगिस्तान में खारे पानी की झीलों को प्लाया तथा तटीय इलाकों में खारे पानी की झीलों को कयाल/लैगून कहते हैं।*

❒ कौनसी झील खारे पानी की है? [RPSC III Grade Teacher Exam-2009]

(1) आना सागर झील (2) पिछोला झील

(3) डीडवाना झील (4) राजसमंद झील

Ans. (3)

*व्याख्या -डीडवाना-कुचामन जिले ( पूर्व में नागौर ) के पास स्थित इस झील का नमक खाने के अयोग्य होने के कारण ( नमक में सर्वाधिक फ्लोराइड ) इससे सोडियम प्राप्त किया जाता है। डीडवाना झील को खल्दा झील/प्लाया झील भी कहते हैं।*

❒ झील-जिला सुमेलित नहीं है[III Grade (San.) -27.2.2023]

[मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020]

(1) दिआब्लाब - बांसवाड़ा(2) बालसमन्द - जोधपुर

(3) दूध-तलाई - उदयपुर (4) तालाब-ए-शाही - बूँदी

Ans. (4) *तालाबशाही धौलपुर व बारां दोनों में स्थित हैं।*

❒ निम्न में से किस क्षेत्र में राजस्थान की 'तालाब-ए-शाही' झील स्थित है- [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]

(1) जयपुर (2) धौलपुर (3) उदयपुर (4) कोटा

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ बांकली झील निम्न में से किस जिले में अवस्थित है- [Librarian Garde-II Exam - 02.08.2020]

(1) बीकानेर (2) बाड़मेर (3) पाली (4) जोधपुर

Ans. (3) *व्याख्या - खिवंडी बांकली -पाली, बांकली - जालौर*

❒ निम्न में से राजस्थान के किस जिले में 'तालछापर' झील अवस्थित है- [JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020]

(1) चूरू (2) उदयपुर (3) भरतपुर (4) अलवर

Ans. (1)

*व्याख्या-तालछापर चूरू में स्थित खारे पानी की झील है। यह ताल शिखर पक्षी अभयारण्य का एक हिस्सा है।*

❒ निम्नलिखित में से किस झील का क्षेत्रफल संकुचित हो रहा है- [Asst. Professor- 7.1.2024]

(1)बालसमन्द(2)तालछापर(3)बजाज सागर(4)भूपाल सागर

Ans. (2)

❒ राजस्थान में जोधपुर से 8 किमी. पश्चिम में स्थित कायलाना झील का निर्माण किसने कराया था- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (II)]

(1) भीम सिंह (2) तख्त सिंह (3) अर्णोराज (4) प्रतापसिंह

Ans. (4)

*व्याख्या - कायलाना झील : जोधपुर के पश्चिम दिशा में इस झील का निर्माण सर प्रताप ने करवाया था।*

❒ सुमेलित कीजिए- [II Grade Teacher -28.10.2018]

(A) जलमहल झील (1) अलवर

(B) पांडूपोल जलप्रपात (2) उदयपुर

(C) लूणकरणसर झील (3) जयपुर

(D) फतेह सागर झील (4) बीकानेर

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 1 | 4 | 2 | (2) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 | (4) | 3 | 4 | 1 | 2 |

Ans. (1)

Scanned with OKEN Scanner

व्याख्या – • जलमहल : जयपुर में आमेर की घाटी के नीचे 'कनक वृन्दावन' एवं 'फूलों' की घाटी' के पास स्थित मानसागर झील 'जयसिंहपुरा खोर' गाँव के ऊपर दो पहाड़ियों के बीच तंग घाटी को बाँधकर किया था। जलमहल का निर्माण सवाई जयसिंह ने अश्वमेध यज्ञ करने वाले पंडितों के रहने के लिए करवाया गया है।

• पाण्डुपोल : सरिस्का के दक्षिण-पूर्व में स्थित इस स्थल पर पाण्डवों ने अज्ञातवास के 1 वर्ष व्यतीत किए।

• लूणकरणसर झील-बीकानेर से उत्तर-पूर्व में 80 किमी. दूर स्थित इस झील में नमक का नगण्य अंश विद्यमान है।

• फतेहसागर झील – उदयपुर के देवाली गाँव में स्थित होने के कारण इसे 'देवाली तालाब' भी कहा जाता था। इस झील की आधारशिला ड्यूक ऑफ कनॉट द्वारा रखी गयी।

❒ महाराणा फतेहसिंह ने 1889 में ....के दौरे के उपलक्ष्य में देवली झील पर कनॉट बाँध का निर्माण कराया था– [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II)]
(1) रानी विक्टोरिया (2) रॉबर्ट बॉर्डन
(3) राजकुमारी लुईस मार्गरेट (4) ड्यूक ऑफ कनॉट
Ans. (4) व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ जल महल स्थित है–[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (I)] [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) 21.9.2019]
(1) मानसागर (2) रामगढ़ (3) तालकटोरा(4) मावठा झील
Ans. (1) व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ किस झील में सवाई जयसिंह ने जल महल का निर्माण करवाया था– [संग्रहालयाध्यक्ष- 19.06.2024]
(1) पंच पहाड़ी(2) जमवारामगढ़ (3) मानसागर (4) चंदलाई
Ans. (3) व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ सरदार समंद झील तथा जैत सागर झील क्रमशः अवस्थित हैं– [Assist. Professor-8.9.2024]
(1) राजसमंद तथा अवलर (2) पाली तथा नागौर
(3) अलवर तथा अजमेर (4) पाली तथा बूँदी
Ans. (4)

❒ 'बुझ झील' राजस्थान के किस जिले में स्थित है– [शोध अध्येता परीक्षा-04.08.2024]
(1) बाँसवाड़ा (2) बाड़मेर (3) चूरू (4) जैलसमेर
Ans. (4)

व्याख्या – बुझ झील जैसलमेर के रूपसी गाँव के पास बनी है जिसमें कभी -कभार काकनी नदी का पानी आता है।

❒ नागौर जिले में कौनसी झील स्थित नहीं है? [CET -4.2.2023 (S-I)]
(1) डीडवाना (2) डेगाना (3) कुचामन (4) रैवासा
Ans. (4) सीकर स्थित रैवासा झील खारे पानी की झील है।

❒ सुमेलित कीजिए– [Head Master -11.10.2021]
A. नवलखाँ 1. डूँगरपुर
B. तालाबशाही 2. बीकानेर
C. कोलायत 3. बूँदी
D. गैब सागर 4. धौलपुर

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 3 | 4 | 1 | (2) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (3) | 3 | 4 | 1 | 2 | (4) | 4 | 2 | 1 | 3 |

Ans. (2)

❒ सुमेलित कीजिए– [CET (10+2) : 24.10.2024 (S-II)]
(A) जयसमन्द झील (1) नागौर
(B) सांभर झील (2) बाड़मेर
(C) डीडवाना झील (3) उदयपुर
(D) पचपद्रा झील (4) जयपुर

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) | | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 4 | 1 | 2 | (2) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (3) | 4 | 2 | 1 | 3 | (4) | 2 | 4 | 3 | 1 |

Ans. (1)* जिलों की अवस्थिति वर्तमान संदर्भ में देखें।

❒ सुमेलित कीजिए– [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]
(A) आना सागर (1) चुरू
(B) तालछापर (2) टोंक
(C) सरदार समंद (3) अजमेर
(D) टोरडी सागर (4) पाली

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) | | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 2 | 3 | 1 | (2) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (3) | 3 | 1 | 4 | 2 | (4) | 1 | 4 | 2 | 3 |

Ans. (3)

**उदयपुर में झीलों को जोड़ने वाले सेतु**

• गोवर्धन सागर – पिछोला
• पिछोला – दूध तलाई, अमरकुण्ड
• पिछोला – कुम्हारिया तालाब
• कुम्हारिया तालाब – रंग सागर
• अमरकुण्ड – रंग सागर
• रंग सागर – स्वरूप सागर
• स्वरूप सागर – फतह सागर

(स्रोत : RBSE, Class 6 पृष्ठ- 40)

Scanned with OKEN Scanner